Drishti IAS



# करेंट अफेयर्स छत्तीसगढ़

## नवम्बर 2023

(संग्रह)

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry (English): 8010440440, Inquiry (Hindi): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

# अनुक्रम

**छत्तीसगढ़** **3**

- मतदान के लिये लोगों को जागरूक करने हेतु ‘स्वीप महिला कार रैली’का आयोजन 3
- छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 20 सीटों पर 78 प्रतिशत मतदान 4
- छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ मलखंब डांस ग्रुप ने जीता इंडियाज गॉट टैलेंट 10 का ख़िताब 5
- मुख्यमंत्री ने कोरिया-रायगढ़ को संभाग बनाने की घोषणा की 7
- ‘वोटर टर्नआउट एप’ 7
- राज्यपाल ने ‘नृत्य रहस्य’ पुस्तक का किया विमोचन 8
- राज्यपाल हरिचंदन को कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस से डी. लिट. की मानद उपाधि 9
- मलेरियामुक्त छत्तीसगढ़ अभियान 11

**नोट :**

# छत्तीसगढ़

## मतदान के लिये लोगों को जागरूक करने हेतु 'स्वीप महिला कार रैली' का आयोजन

### चर्चा में क्यों ?

5 नवंबर, 2023 को छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' के अंतर्गत रायपुर में महिला कार रैली का आयोजन किया गया। सैकड़ों महिला कार चालकों ने इसमें हिस्सा लिया।




### प्रमुख बिंदु

- आयोजन में भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षकों सहित रायपुर ज़िला प्रशासन के सभी विभागों, स्थानीय स्वयंसेवियों एवं सामाजिक संगठनों की महिला पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

- कार रैली के माध्यम से मतदाताओं को 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा निर्वाचन में मतदान की अपील की गई।
- छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने कार रैली में खुद स्टीयरिंग थामकर काफिले को लीड किया। रैली के दौरान उनके साथ जीप में सवार महिलाएँ पूरे रास्ते भर लाउड स्पीकर पर मतदाताओं से 17 नवंबर को मतदान अवश्य करने की अपील करते हुए दिखीं।
- महिलाएँ अपनी कार को आकर्षक सज़ावट देने के साथ ही स्वयं भी पारंपरिक पोशाक में रैली में शामिल हुईं। छत्तीसगढ़ी वेशभूषा के साथ ही महिलाएँ महाराष्ट्रियन, बंगाली, ओडिसी, दक्षिण भारतीय, गुजराती पारंपरिक पोशाक व पगड़ी पहनकर वीरांगनाओं की तरह इस रैली में पहुँचीं।
- स्वीप महिला कार रैली में रोल्स रॉयस जैसी विंटेज कार, खुली जिप्सी, जीप के साथ इलेक्ट्रॉनिक कार व ई-रिक्शा सहित लगभग 200 कारें शामिल हुईं।
- महिला कार रैली के काफिले में उत्कृष्ट सज़ावट व संदेशों के साथ शामिल कारों की महिला चालकों को सम्मानित भी किया गया। उत्कृष्ट कार सज़ावट व संदेश के लिये अनुपमा तिवारी को प्रथम पुरस्कार, ई-कार व ई-रिक्शा को द्वितीय व तृतीय पुरस्कार मिला।

## छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 20 सीटों पर 78 प्रतिशत मतदान

### चर्चा में क्यों?

7 नवंबर, 2023 को छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (Chief Electoral Officer) रीना बाबा साहेब कंगाले ने जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 20 विधानसभा सीटों पर कुल 78 फीसदी मतदान हुआ है।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत प्रथम चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में बस्तर विधानसभा में सबसे ज्यादा 84.67% और बीजापुर में सबसे कम 48.37% मतदान हुआ है।
- निर्वाचन आयोग की ओर से जारी अंतिम आंकड़ों के अनुसार प्रथम चरण में 20 विधानसभा सीटों हुई 78 फीसदी मतदान वर्ष 2018 में इन सीटों पर हुई वोटिंग से 1.53 फीसदी से अधिक है।
- विदित हो कि बस्तर के 12 विधानसभा क्षेत्रों में 126 नए मतदान केंद्र बनाए गए थे, जहां आजादी के बाद पहली बार मतदान हुआ है। इससे पहले अतिसंवेदनशील और नक्सल प्रभावित इलाका होने के कारण मतदान केंद्र नहीं बनाए जाते थे। इनमें से ज्यादातर केंद्रों पर 50 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ है।

### विधानसभावार मतदान प्रतिशत

| | |
|---|---|
| बस्तर - 84.67 प्रतिशत | भानुप्रतापपुर - 81 प्रतिशत |
| डोगरगांव - 84.1 प्रतिशत | अंतागढ़ - 79.79 प्रतिशत |
| खैरागढ़ - 82.67 प्रतिशत | मोहला मानपुर - 79.38 प्रतिशत |
| खुज्जी - 82.43 प्रतिशत | राजनांदगांव - 79.12 प्रतिशत |
| कोंडागांव - 82.37 प्रतिशत | जगदलपुर - 78.47 प्रतिशत |
| डोंगरगढ़ - 81.93 प्रतिशत | पंडरिया - 75.27 प्रतिशत |
| केशकाल - 81.89 प्रतिशत | नारायणपुर - 75.06 प्रतिशत |

| | |
|---|---|
| चित्रकोट - 81.76 प्रतिशत | दंतेवाड़ा - 69.88 प्रतिशत |
| कवर्धा - 81.24 प्रतिशत | कोंटा - 63.14 प्रतिशत |
| कांकेर - 81.14 प्रतिशत | बीजापुर - 48.37 प्रतिशत |




## छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ मलखंब डांस ग्रुप ने जीता इंडियाज गॉट टैलेंट 10 का ख़िताब

### चर्चा में क्यों ?

हाल ही में छत्तीसगढ़ के सबसे पिछड़े इलाके में शुमार अबूझमाड के मलखंब अकादमी ने भारत के सबसे बड़े टैलेंट रियलिटी शो 'इंडियाज गॉट टैलेंट' के सीजन 10 का खिताब जीत लिया।

### प्रमुख बिंदु

- इंडियाज गॉट टैलेंट के विनर के रूप में अबूझमाड मलखंब अकादमी को ट्रॉफी के साथ इनाम के तौर पर 20 लाख रुपए नकद और मारुति सुजुकी अर्टिगा भी पुरस्कार के रूप में दिया गया है।
- लोकप्रिय रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन में रैपर और सिंगर बादशाह, किरण खेर और शिल्पा शेट्टी ने जजेस की कुर्सी संभाली। रियलिटी शो का आयोजन अर्जुन बिजलानी द्वारा किया जाता है।
- छह फाइनलिस्टों- अबूझमाड़ मलखंब अकादमी, जीरो डिग्री क्रू, नागालैंड महिला बैंड, गोल्डन गर्ल्स द ए. आर. टी. (द आर्ट) और रागा फ्यूजन में से अबूझमाड़ मलखंभ अकादमी ने ट्राफी पर कब्जा जमाया।
- इंडियाज गॉट टैलेंट' के सीजन 10 का खिताब जीतने के बाद अबूझमाड़ मलखंब अकादमी की टीम छत्तीसगढ़ पहुँची। अब ये अमेरिका गॉट टैलेंट पर प्रस्तुति देने और इसे जीतने की तैयारी में लग गए हैं।










नोट :


## मुख्यमंत्री ने कोरिया-रायगढ़ को संभाग बनाने की घोषणा की

### चर्चा में क्यों?

13 नवंबर, 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरिया ज़िला मुख्यालय के बैकुंठपुर के मौहारी मैदान में आमसभा को संबोधित करते हुए कोरिया और रायगढ़ को संभाग बनाने की घोषणा की।

### प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री बघेल ने छत्तीसगढ़ में दो नए संभाग बनाने का ऐलान करने के साथ ही प्रदेश की जनता से शर्त भी रखी है। सीएम ने कहा है कि कॉन्ग्रेस की सरकार बनी तो प्रदेश में दो नए संभाग बनाए जाएंगे।
- विदित हो कि बैकुंठपुर से कॉन्ग्रेस की प्रत्याशी अंबिका सिंहदेव ने मुख्यमंत्री बघेल से बैकुंठपुर को संभाग बनाने की मांग रखी थी। इसके बाद भूपेश बघेल ने दो नए संभाग का ऐलान किया है।
- गौरतलब है कि फिलहाल प्रदेश में 5 संभाग- रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर एवं सरगुजा हैं। रायपुर (1862) सबसे प्राचीन संभाग है जबकि दुर्ग (2013) सबसे नवीन संभाग है। वहीं सरगुजा (2008) छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद बना पहला संभाग है।



## 'वोटर टर्नआउट एप'

### चर्चा में क्यों?

16 नवंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग के मोबाइल एप्लीकेशन 'वोटर टर्नआउट एप' के माध्यम से छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के मद्देनजर 17 नवंबर को मतदान प्रतिशत की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### प्रमुख बिंदु

- निर्वाचन में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने और मतदान के दिन वोटर टर्नआउट की त्वरित जानकारी उपलब्ध कराने के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस एप्लीकेशन को लॉन्च किया गया है।
- चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव में पहली बार 'वोटर टर्न आउट एप' लॉन्च किया है। इससे कोई भी व्यक्ति आसानी से किसी भी विधानसभा क्षेत्र का मतदान प्रतिशत जान सकेगा। इससे पहले इस एप का उपयोग 2019 के लोकसभा चुनाव में पहली बार किया गया था। इसे 18 अप्रैल, 2019 को लॉन्च किया गया था।
- वोटर टर्नआउट एप का उपयोग प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र/संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पुरुष, महिला और थर्ड जेंडर सहित रियल टाइम वोटर टर्नआउट विवरण को प्रदर्शित करने के लिये किया जाता है। इस एप का उपयोग नागरिकों द्वारा लाइव वोटर टर्नआउट डाटा कैप्चर करने के लिये किया जा सकता है।

नोट :

- वोटर टर्नआउट एप नागरिकों को प्रत्येक राज्य के लिये अलग-अलग अनुमानित मतदाता प्रतिशत की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा देता है। यह एप उपयोगकर्ताओं को अपने संपर्क के लोगों को फेसबुक, ट्विटर, जीमेल और वाट्सएप के जरिये मतदान प्रतिशत साझा करने की भी सुविधा देता है। यानी रियल टाइम मतदान के प्रतिशत को कोई भी व्यक्ति अपने सोशल मीडिया एकाउंट में शेयर भी कर सकता है।
- वोटर टर्नआउट एप में कोई डेटा पहले से फीड नहीं किया जा सकता है। वोटर टर्नआउट एप को प्रत्येक राज्य के लिये अनुमानित वोटर टर्नआउट दिखाने के लिये डिजाइन किया गया है और इसका प्रयोग ज़िला और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर तक किया जा सकता है। मतदान के दिन इस पर राज्यवार, ज़िलेवार और विधानसभा क्षेत्रवार वोटर टर्नआउट का अपडेट देखा जा सकता है।




## राज्यपाल ने 'नृत्य रहस्य' पुस्तक का किया विमोचन

### चर्चा में क्यों ?

18 नवंबर, 2023 को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने प्रसिद्ध ओडिशी नृत्यांगना पूर्णश्री राऊत द्वारा लिखित पुस्तक 'नृत्य रहस्य द सेक्रेड मिस्टिक्स ऑफ डांस' का राजभवन में विमोचन किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस पुस्तक में बताया गया है कि नृत्य के माध्यम से स्वस्थ रहा जा सकता है और बड़ी-बड़ी से बिमारियों को दूर किया जा सकता है।

नोट :

- नृत्य प्राचीनतम योग कला का एक स्वरूप है। यह शारीरिक तंत्र क्रिया, कुंडलिनी जागरण, आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का एक माध्यम है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य एक ऐसी विधा है जिससे शरीर के अंग में हल-चल होती है और ऊर्जा जागृत होती है तथा आध्यात्मिक अनुभूति का भाव पैदा करती है।
- इस पुस्तक में छत्तीसगढ़ के बस्तर से लेकर सरगुजा तक के ऐतिहासिक मंदिरों में अंकित नृत्य मुद्राओं का उल्लेख किया गया है। पैटर्न रणनीति पाठ्यक्रम संग्रह FAQS राज्य विशिष्ट जानकारी




## राज्यपाल हरिचंदन को कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस से डी. लिट. की मानद उपाधि

### चर्चा में क्यों ?

25 नवंबर, 2023 को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को भुवनेश्वर के कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस ने डी. लिट. की मानद उपाधि प्रदान की है।

### प्रमुख बिंदु

- यह उपाधि उन्हें ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास के हाथों से प्रदान की गई।राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को यह सम्मान सामाजिक और सार्वजनिक जीवन में सक्रियता के माध्यम से उल्लेखनीय जन सेवा के लिये दिया गया है।
- गौरतलब है कि विश्वभूषण हरिचंदन ने 23 फ़रवरी, 2023 को राजधानी रायपुर स्थित राजभवन में छत्तीसगढ़ के नौवें राज्यपाल के रूप में शपथ ली थी। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के रूप में नियुक्त होने से पहले हरिचंदन ने पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश के राज्यपाल के रूप में कार्य किया है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरूप कुमार गोस्वामी ने हरिचंदन को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने अनुसुइया उईके की जगह ली है।





KISS

KALINGA INSTITUTE OF SOCIAL SCIENCES

**KALINGA INSTITUTE OF SOCIAL SCIENCES**

Deemed to be University

(Established U/S 3 of UGC Act, 1956)

Bhubaneswar, Odisha, India

Upon recommendation of the Board of Management,
hereby confers the Degree of

## Doctor of Letters

(Honoris Causa)

on

## Shri Biswabhusan Harichandan

in recognition of his remarkable achievements, contribution to public service and profound contributions to society

given under the seal of Kalinga Institute of Social Sciences in the Republic of India on the twenty-fifth day of November two thousand twenty-three.

Vice Chancellor

# मलेरियामुक्त छत्तीसगढ़ अभियान

## चर्चा में क्यों ?

28 नवंबर, 2023 को प्रदेश के अधिक मलेरिया संवेदी बस्तर संभाग के सभी सात ज़िलों में 'मलेरियामुक्त छत्तीसगढ़ अभियान' शुरू किया गया है। यह अभियान 19 दिसंबर, 2023 तक चलेगा।

## प्रमुख बिंदु

- मलेरियामुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के नौंवे चरण में बस्तर संभाग के इन ज़िलों के 30 विकासखंडों के 2297 गाँवों में 15 लाख 92 हज़ार लोगों की मलेरिया जाँच का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिये 1654 सर्वे दलों का गठन किया गया है।
- अभियान के दौरान 125 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 598 उप-स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत मलेरिया की जाँच व उपचार के लिये दल सक्रिय रहेंगे। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम और मितानिनें घर-घर जाकर मलेरिया की जाँच करेंगी।
- इस दौरान मलेरिया की जाँच और इलाज के साथ ही इससे बचाव के लिये जन-जागरूकता संबंधी गतिविधियाँ भी चलाई जाएंगी। साथ ही लोगों को रोज मच्छरदानी के उपयोग के लिये प्रोत्साहित किया जाएगा।
- चिह्नांकित गाँवों में घर-घर मच्छर लार्वा सर्वेक्षण कर मच्छर उत्पन्न करने वाले स्रोतों को नष्ट किया जाएगा एवं पानी के समुचित रखरखाव व मच्छर से सुरक्षा के लिये लोगों को समझाइश दी जाएगी। घर के आस-पास स्वच्छता बनाए रखने और मच्छरों को पनपने से रोकने के उपाय भी लोगों को बताए जाएंगे।